11/1 Roll No. …………………..

# BAHL–102

## गद्य साहित्य–**2** एवं प्रयोजनमूलक हिन्दी

Bachelor of Arts (B.A.–12/16/17)

First Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी नाटक के विकास में जयशंकर प्रसाद के योगदान पर प्रकाश डालिए।
2. अनुवाद की परिभाषा बताते हुए अनुवाद के प्रकारों पर विचार कीजिए।
3. हिन्दी निबंध में महादेवी वर्मा के योगदान पर प्रकाश डालिए।
4. 'संस्मरण' और 'रेखाचित्र' में विधागत अन्तर स्पष्ट करते हुए कुछ रचनाओं के आधार पर अपनी बात पुष्ट कीजिए।

## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'चन्द्रगुप्त' नाटक की ऐतिहासिकता पर विचार कीजिए।
2. हजारी प्रसाद द्विवेदी के किसी एक निबंध के आधार पर उनकी निबंध शैली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
3. हिन्दी साहित्य के विकास में से किसी एक आधुनिक गद्य विधा के योगदान पर विचार कीजिए।
4. प्रयोजनमूलक हिन्दी की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।
5. हिन्दी भाषा के विकास में कम्प्यूटर के योगदान पर विचार कीजिए।
6. सामाजिक चेतना के विकास में हिन्दी मीडिया की भूमिका को रेखांकित कीजिए।
7. समकालीन सन्दर्भ में साहित्यिक अनुवाद के महत्व पर प्रकाश डालिए।
8. जयशंकर प्रसाद के नाटकों में स्वाधीनता की चेतना पर विचार कीजिए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

एक शब्द में उत्तर दीजिए :

1. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के रचनाकार कौन हैं ?
2. 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना कब हुई थी ?
3. 'अशोक के फूल' किसका निबंध है ?
4. जॉर्ज ग्रियर्सन के साहित्येतिहास सम्बन्धी पुस्तक का नाम क्या है ?
5. 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन वर्ष बताइए।

सही उत्तर का चयन कीजिए :

6. 'घुमक्कड़शास्त्र' आत्मकथा के लेखक हैं :
   (अ) रामचन्द्र शुक्ल
   (ब) राहुल सांकृत्यायन
   (स) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
   (द) यशपाल
7. हिन्दी का पहला समाचार-पत्र था :
   (अ) भारत मिश्र
   (ब) द्वन्द्व
   (स) उदंत मार्तण्ड
   (द) समाचार सुधावर्षिणी
8. "कविवचन सुधा" के संपादक थे :
   (अ) भारतेन्दु
   (ब) बालमुकुन्द गुप्त
   (स) बालकृष्ण भट्ट
   (द) किशोरीलाल गोस्वामी
9. 'कामायनी' में कुल कितने सर्ग हैं ?

(अ) दस

(ब) बारह

(स) चौदह

(द) पंद्रह

10. इनमें से कौन-सा फॉण्ट कम्प्यूटर का नहीं है ?

(अ) मंगल

(ब) कृतिदेव

(स) कोकिला

(द) अग्निदेव